[Shri Bhupesh Gupta]

entire Cabinet should go. This is a very important matter.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, io more on this.

SHRI M. P. BHARGAVA (Uttar !Pradesh): Madam, I want to say Momething which is very important I understand that the Punjab High Court has refused the stay order. I would like the hon. Minister to find < ut.

*{Interruptions)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please t ike your seats. Mr. Bhargava has brought some other information v hich he has heard. I think he is not s ire about it.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: I have not got any information.

SHRI M. P. BHARGAVA: I would like the hen. Minister to check it up before the House rises.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Madam, I have no information but I will check it up.

*(Interruptions)*

. SHRI BHUPESH GUPTA: Madam, we want the resignation of Mr, Chavan before the sunset. If Mr. Chavan does not submit his resignation, the Prime Minister should dismiss him.

*(Interruptions* )

THE DEPUTY CHAIRMAN: Nothing more on this. Order, order.

SHRI BHUPESH GUPTA: Madam, our demand is that if the Prime Minister does riot dismiss him, Mr, Chavan, the Prime Minister should herself resign.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now the debate goes on Mr. Yajee, you have to speak on Mr. Bhupesh Gupta's Bill.

SHRi BHUPESH GUPTA: What about the President's Proclamation? If the stay o-ler has not been given, the implications are clear. Everything is illegal in Punjab. How is the Government going to be run? *(In. terrupiions).* At the moment there is nothing. Everything is illegal in Punjab.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I want to hear nothing more on this statement.

**THE CONSTITUTION (AMEND-MENT) BILL, 1964 (to *amend article* 291)— *contd.***

THE DEPUTY CHAIRMAN: v have called Mr. Yajee to continue his. speech. Yes, Mr. Yajee.

**श्री शीलभद्र याजी** : माननीय डिप्टी चेयरमैन महोदया, मैं कामरेड भूपेश गुप्ता के विधेयक पर बोलते हुए कह रहा था कि हमारी सरकार ने जब से समाजवाद को ले लिया तो पुरानी चीज जो कि राजा महाराजाओं की थी, जिस समय कि आजादी आ रही थी उस समय उनको जो आश्वासन दिया गया था कि हम प्रिवी पर्स के रूप में रुपये देंगे अब उनकी जरूरत नहीं है या और भी जो आश्वासन दिया था कि और और तरह की रियायतें देंगे उनकी जरूरत नहीं ।

[THE VICE-CHAIRMAN SHRI M. P. BHARGAVA) in the Chair.]

और जो यह कहा था कि उनकी जितनी निजी सम्पत्ति थी उसको रखने देंगे उसकी अब जरूरत नहीं है । वह पुरानी चीज थी . . .

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, now you are in the Chair. You gave us some information. Now you are convinced about it. No stay order has been given. Therefore you kindly call on the Government to state what is going to be done on the basis of what you have said.

SHRI AKBAR ALI KHAN (An-dhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman. the, matter has been closed.

SHRI BHUPESH GUPTA: Mr. Vice-Chairman, you have done great service to the House by having shown

the courage of telling from the Congress benches that the stay order has not been given. Now the Chair is convinced of the situation, whoever is occupying it, which has arisen as a result" of not granting the stay or- I der. Therefore, I request you. Mr. i Vice-Chairman, to send a message to the Prime Minister to come and tell $u_s$ as to how long that illegal regime in Punjab shall continue and how long Mr. Chavan will continue.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Mr. Bhupesh Gupta, Shri M. P. Bhargava has given $som_e$ information and he has already requested the Government to check it up $befor_e$ the House rises.

SHRI BHUPESH GUPTA: I take it to $b_e$ the direction of $th_e$ Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): I have made the position clear.

SHRI BHUPESH GUPTA: Since you $hav_e$ uttered these words by sitting in $th_e$ Chair, it becomes a direction from the Chair.

*(Interruptions* )

SHRI LOKANATH MISRA (Orissa): Sir, after the stay order has been rejected, $th_e$ matter assumes much greater importance.

SHRI AKBAR ALI KHAN: Mr. Vice-Chairman, we $hav_e$ finished that point.

SHRI LOKANATH MISRA: He does not probably understand what I am going to say. Now the matter has assumed much greater gravity than when it was pending in the High Court. My contention is . . .

श्री शीलभद्र याजी : वाइस चेयरमैन साहब, मुझे इस विधेयक पर बोलने के लिए कहा गया था।

SHRI LOKANATH MISRA: You have been asked to sit down by the Chair.

*(Interruptions )*

SHRI SHEEL BHADRA YAJEE: Who are you to order me?

SHRI LOKANATH -MISRA: Sir, I pass on the information to him because $h_e$ is incapable of understanding it. Mr. Vice-Chairman. I wanted to convey that in such a state of confusion it is very fair that the Prime Minister should come forward with a statement so that $th_e$ House understands $th_e$. actual $stat_e$ of affairs and what the Prime Minister thinks of either dismissing Mr. Chavan or retaining him in the Cabinet. That position must be made very clear. Therefore, would you kindly pass on the proceedings of $th_e$ House and ill? sentiments express;d by all the Opposition Members in regard $t_c$ Mr. Chavan to the $Prim_e$ Minister so that she could make a statement?

श्री गोडे मुराहरि (उत्तर प्रदेश): मिस्टर वाइस चेयरमन, मैं आप से एक निवेदन करना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): May I request hon. Members to be a little patient? The information cannot be kept secret; it will come before you.

SHRI BHUPESH GUPTA: Sir, you have already given the information.

SHRI AKBAR ALl KHAN: But $h_e$ is not $sur_e$ about it.

SHRI BHUPESH GUPTA: Have you said, Sir, that you $ar_e$ not sure?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): I $hav_e$ used the words 'I understand . . .'

SHRI BHUPESH GUPTA: Whatever the Chair understands is correct.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Do not mix up like that, Mr. Bhupesh Gupta.

SHRI BHUPESH GUPTA: Mr. Vice-Chairman, there is no escape from it now.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): I do not want any escape, Mr. Bhupesh Gupta. Will

[The Vice-Chairman.]

you take your seat? I know what I have said as a Member and I know what I am doing from here.

SHRI BHUPESH GUPTA: You have asked them to make a statement before the House, adjourns. May you live long in the Chair, Sir.

**श्री गोड़े मुराहरि** (उत्तर प्रदेश) : मेरा सिर्फ इतना निवेदन है कि सुबह जब यह कहा गया था कि पंजाब हाईकोर्ट में इस तरह का जजमेंट दिया गया तो मैटर काफी सीरियस था लेकिन फिर भी कोई स्टेटमेंट इस सदन में नहीं किया गया सरकार की ओर से। बाद में अभी यह पता चला है कि स्टे भी उन्होंने नहीं दिया तो मैं यह जानना चाहूंगा कि जब इस तरह का महत्वपूर्ण निर्णय पंजाब हाई कोर्ट में हो तो उसके बारे में सरकार इस तरह से चुप्पी से बैठी रहे यह क्या सरकार को शोभा देता है ?

**श्री लोकनाथ मिश्र** : स्टेटमेंट तो हो गया ।

**श्री गोड़े मुराहरि** : ठीक है, लेकिन मैं यह जानना चाहूंगा कि सरकार इस पर क्या कार्यवाही करने वाली है। उन्होंने कोई स्टेटमेंट तो दे दिया होगा, जो वस्तुस्थिति होगी वह बताई होगी लेकिन क्या कार्यवाही वह करने वाली है ?

SHRI BHUPESH GUPTA: Mr. Gill should be arrested; here and now such an order should issue for his arrest.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Let us go on with the debate now.

**श्री गोड़े मुराहरि** : पंजाब सरकार की क्या स्थिति है ? और मैं साफ साफ यह भी जानना चाहूंगा कि जब चव्हाण साहब कोई ऐसा बयान कर चुके हैं जो कि गलत साबित हुआ है तो इस वक्त उनकी क्या पोजीशन है ?

SHRI LOKANATH MISRA: Where is Mr. Chavan? Is he missing?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Please have patience.

श्री गोड़े मुराहरि : चव्हाण साहब यहां पर क्या कोई बयान देंगे ?

SHRI BHUPESH GUPTA: The Marshall be ordered to find out Mr. Chavan and he should be brought before the House. Where is Mr. Chavan? *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Order, cider.

**श्री गोड़े मुराहरि** : आपने तो यह डाईरेक्शन दिया है कि आज शाम तक कोई स्टेटमेंट कार्यवाही के बारे में होगा। अगर ऐसा स्टेटमेंट होगा तो ठीक है।

SHRI AKBAR ALI KHAN: Soma very irresponsible statements have been made by Mr. Gupta. It does not become of him or the House that Mr. Chavan should be called. He is not running away.

SHRI BHUPESH GUPTA: Of course, he is avoiding. Mr. Chavan knows that such a situation has arisen. Why is"" he not coming to the House?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): May I request the Members to resume their seats. I have called Mr. Yajee to sp'eak.

**श्री शीलभद्र याजी** : वाइस चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था कि कामरेड भूपेश गुप्त का जो यह विधेयक है यह आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव पर आधारित है जो हमने पास किया। केवल प्रिवी पर्स के बारे में ही नहीं बल्कि जितनी रियायतें राजाओं और महाराजाओं को देते हैं उन सबके संबंध में हमने प्रस्ताव पास किया है और प्रस्ताव पास करने के बाद अब सरकार की ओर से हमारे ला मिनिस्टर ने बताया कि क्या क्या वह करने जा रहे हैं। मेरी शिकायत अपनी

सरकार से यह है कि हमने छोटे से छोटे जमींदारों से लेकर बड़े बड़े जमींदारों की जमीनें लेकर उनको मुग्रावजा दिया, कम्पेन्सेशन दिया, किसी को बारह गुना दिया, किसी को छः गुना दिया, किसी को कुछ दिया, लेकिन जिस अनुपात से हमने इन राजाओं महाराजाओं को दे दिया बीस वर्षों में और जितनी उनके पास निजी संपत्ति है उसको देखते हुए अब इस बात की जरूरत नहीं थी कि उनको प्रिवी पर्सेज देते जायें और उनको सारी सुविधायें दी जायें। इसलिए जो ग्राल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने प्रस्ताव पास किया कि प्रिवी-पर्स के साथ साथ जो उनके और भी "ग्रदर प्रिविलेजेज" हैं वह समाप्त होने चाहियें। यह सरकार का फर्ज होता है क्योंकि कांग्रेस शासक पार्टी है और कांग्रेस की ग्राल इंडिया कांग्रेस कमेटी एक हाइयेस्ट बाडी है, वहां से जब प्रस्ताव पास हो जाता है तो प्रिवीपर्स को और जो "ग्रदर प्रिविलेजेज" हैं जो राजा महाराजाओं को मिलते हैं वह समाप्त होने चाहियें और इस रेप्रेजेन्टेटिव्हस ने किया। सत्रह अठारह बार हम संविधान में तरमीम लाये। यह वायदे क्या होते हैं। एक एग्रीमेंट था राजा महाराजाओं के साथ। वह एग्रीमेंट क्या था? हमने कांस्टीट्यूशन में कई बार ग्रमेन्डमेंड स्वीकार किया है। तो हमने जो समाजवाद का एश्योरेंस दिया है उसके मुताबिक जो हिन्दुस्तान के करोड़ों नागरिक हैं उनकी गरीबी और बेकारी को मिटाना है और हम संविधान में कह चुके हैं कि भारत के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलेगा तो हम क्यों नहीं उनको बचाने के लिए राजाओं और महाराजाओं के प्रिवी पर्स को ले लेते हैं, उनको जो विशेष सुविधाएं मिलती हैं, प्रिविलेजेज मिलते हैं उनको समाप्त कर देते हैं असली आश्वासन जो जनता को दिया हैं उसका पालन करना होगा। पहले मुट्ठी भर राजा महाराजाओं को सरदार पटेल ने समझा था। सरदार पटेल दूरदर्शी थे उन्होंने कहा रिवोल्यूशन होगा, क्रांति होगी: तो पैलेस से भी जाओगे सर से भी जाओगे। इसलिए थोड़ा-थोड़ा हमसे ले लो, प्रिवी पर्स ले लो, और राज प्रमख कहलाओगे। उस वक्त के मुताबिक वह ठीक कदम था। इसके बाद जब धीरे-धीरे हमारा समाजवादी कदम उठा है, हमने जमींदारी प्रथा को हटाया पचास-पचास हजार एकड़ जमीन रखने वालों को 30 एकड़ जमीन का मालिक बना दिया है तो वह राजे महाराजे जो बराबर इम्पीरियलिस्ट्स के साथ थे जो हमारी ग्राजादी को रोकते थे, जो जनता का शोषण करते थे, उनकी आवाज को बन्द कर दिया लेकिन उनके साथ कौन मोहब्बत और प्रेम दिखाने की जरूरत है इसको सोचें। आज आरोप लगाया जाता है कि कांग्रेस पार्टी में राजा महाराजा हैं। कौन सी पार्टी है जिसमें वह नहीं हैं। क्या स्वतन्त्र पार्टी में नहीं हैं, दूसरी पार्टियों में नहीं हैं? सब पार्टियों में रहते हैं। एस० एस० पी० तक में थे, सोशलिस्ट पार्टी में थे। कांग्रेस पार्टी में महाराजकुमार विजयानगरम थे, कम्युनिस्ट पार्टी में भी मेमन सिंह के राजा महाराजा थे। इसलिए राजा महाराजा सभी पार्टी में हैं। पार्टी से राजा महाराजाओं को निकालने की बात नहीं है।

इसलिये वाइस चेयरमेन साहब, मेरी गुजारिश है कि हमारे डिपुटी ला मिनिस्टर ने जो यह सरकार की स्थिति बताई और उन्होंने भूपेश गुप्त से अपील की है कि इस विधेयक को वापस लें, मैं यह नहीं कहता चूंकि सरकार करने जा रही है। इस दृष्टि से जो भूपेश गुप्त का विधेयक है उसको मान भी लिया जाय तो एक अधूरी बात रह जायेगी। प्रिवी पर्सेज से ज्यादा तो उनकी प्राइवेट प्रापर्टी है जैसा कि निजाम हैदराबाद भारत में सब से धनी आदमी है, उसके पास कितनी लाख एकड़ जमीन है और भी चीज हैं और उसके अलावा जितनी उनको सुविधाएं मिलती हैं, जितने मकानात हैं

[श्री शीलभद्र याजी]

उस पर भी देखने की जरूरत पड़ेगी। इसलिए सिर्फ प्रिवी पर्स ही नहीं बल्कि उसके साथ साथ जो और भी रियायतें हैं उनको खत्म करने के लिए यह जरूरी है कि कांग्रेस सरकार से हमारी पुरजोर मांग होनी चाहिये कि जल्द से जल्द आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने जो प्रस्ताव पास किया है प्रिवी पर्सेज और प्रिवलेजेज के मुताल्लिक, उसके संबंध में जल्द से जल्द एक बिल लाये। उन्होंने यहाँ अच्छी रिपोर्ट दी कि चव्हाण साहब इस दिशा में प्रगतिशील हैं, उनका प्रयास है और हमारे बांका बिहारी दास जी ने जो शब्द "ट्रेड यूनियन" का इस्तेमाल किया मैं समझता हूं उन्होंने बड़ी बेइज्जती की ट्रेड यूनियन संस्था की क्योंकि ट्रेड यूनियन मेहनतकश मजदूरों की बाडी है और राजा महाराजाओं के संगठन को ट्रेड यूनियन नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह शोषक हैं। इसलिए उसकी उपमा उन्हें ट्रेड यूनियन के नाम से नहीं देनी चाहिये थी। इससे उस शब्द की बड़ी बदनामी होती है। हमने जनता को जो वायदा किया है, इस सदन के जरिये से जो हमने वादे किये हैं कि इस देश में हम समाजवादी व्यवस्था कायम करेंगे हमको उसको अमल में लाने की जरूरत है। ठीक है, हमने शुरू में कहा, उस समय जरूरत थी क्योंकि राजाओं और महाराजाओं को ब्रिटिश इम्पीरियलिज्म ने खुद मुख्तार बनाकर सबको आजाद बना दिया था। उस समय सरदार पटेल की जो चाणक्य नीति हुई उस चाणक्य नीति की वजह से उन्होंने राजा महाराजाओं को समझाया और उस चीज को मानने के बाद आज की बदली हुई परिस्थिति में हमको दूसरा कदम उठाना चाहिये क्योंकि उस समय जमींदारी प्रथा का विनाश नहीं हुआ था। हम धीरे धीरे सभी ऐसे काम कर रहे हैं जो समाजवाद की ओर ले जाने वाला है। हमने कॉन्स्टिट्यूशन पास किया, सारे हिन्दुस्तान के इनैक्टेड इसलिए विदड्रा करो। मैं इसलिए कहता हूं कि भूपेश गुप्त का विधेयक अधूरा है क्योंकि सिर्फ प्रिवी पर्स के बारे में वह कहते हैं लेकिन प्रिवी पर्सेज के अलावा राजा महाराजाओं के पास इतनी वेल्थ है, इतनी सम्पत्ति है, उसको हटाना है . . .

**श्री जे० पी० यादव** : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। हमें निश्चित रूप से सूचना मिली है कि जो स्टेट पेटीशन था वह रिजेक्ट हो गया।

**श्री शीलभद्र याजी** : यह व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): You cannot interrupt a Member. This is not a point of order.

**श्री जे० पी० यादव** : व्यवस्था का प्रश्न इसलिए उत्पन्न होता है . . .

**श्री शीलभद्र याजी** : हमारी स्पीच के साथ यह कहाँ आता है, कहाँ मौजू होता है?

**श्री जे० पी० यादव** : . . . अभी सदन यह विचार करे कि जब वह पंजाब सरकार का स्टेट आर्डर से पेटीशन रिजेक्ट हो गया तो इस समय जो पंजाब में गैर-कानूनी सरकार चल रही है उसके लिए सदन कोई व्यवस्था करे कि अवैधानिक सरकार का कार्य स्थगित हो।

**उपसभाध्यक्ष** (श्री महावीर प्रसाद भार्गव) : अभी सदन के सामने आर्डर पेपर पर कोई ऐसी चीज नहीं है।

**श्री शीलभद्र याजी** : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे डिपुटी मिनिस्टर आफ ला ने जो अभी भूपेश गुप्त को कहा कि इस विधेयक को वापस ले लें तो मेरा उनसे कहना है कि जो उनका विधेयक है वह अधूरा है; हमने आल इंडिया कांग्रेस कमेटी में पास किया है कि प्रिवी पर्स के साथ साथ उनको जो विशेष सहूलियत प्रिवलेजेज मिलती हैं उस सब को

हटा दिया जाय । इसलिए इस प्रस्ताव से मकसद पूरा नहीं होता है । जिस तरह से हमारे ला मिनिस्टर ने कहा है सरकार ने भी आश्वासन दे दिया है और यह जो आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने प्रस्ताव पास किया है कि और प्रिवलेजेज भी हटा दिए जायें प्रिवी पर्स को भी हटा दिया जाय इसके लिये चव्हाण साहब बात करें। जब हमने जमींदारी प्रथा समाप्त की, वह जमींदार जिनके पास 40,000 या 50,000 एकड़ जमीन थी उनकी सीलिंग मुकर्रर कर दी 30 एकड़ रखोगे, हमने यह सब कर दिया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि अब राजा महाराजाओं के साथ बातचीत करने का जमाना खत्म हो गया है। अब वह परिस्थिति नहीं रही। सरदार पटेल को तो मजबूरी के साथ उनके साथ बातचीत करनी पड़ी थी। जैसा कि अभी हमारे मित्र श्री बी० के० दास ने कहा कि अगर सरकार राजा महाराजाओं के साथ कोई बातचीत नहीं करना चाहती है तो सारे अपोजीशन वाले सरकार को मदद देंगे और उनकी हिमायत करेंगे । अगर संविधान में तरमीम करने की भी आवश्यकता हुई तो भी सब लोग उसका साथ देंगे । सरकार को शायद यह अन्देशा है कि इस तरह की तरमीम पास नहीं होगी, बहुमत से पास नहीं होगी लेकिन मैं उन्हें विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस तरह का विधेयक सर्वसम्मत से पास होगा । इसलिए मेरी सरकार से गुजारिश है कि अगर राजा महाराजाओं से बातचीत न भी करें तो जो प्रस्ताव आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने पास किया है, उस के मुताबिक वह सदन में विधेयक ले आये । सिर्फ उनके प्रिवी पर्सेज ही खत्म न किये जांय, बल्कि जो राजा महाराजाओं को सहूलियत मिलती हैं, उनको दूर किया जाय । अगर इस तरह की बात की जाती है तो तब ही हमारे देश का कल्याण होगा और यह देश समाजवाद की ओर जायेगा ।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का जो श्री भूपेश गुप्ता ने रखा है, उसकी जो मंशा है,



उसका जो मकसद है, उसका समर्थन करता हूं । चूंकि यह विधेयक एक अधूरा विधेयक है, क्योंकि इसमें सिर्फ प्रिवी पर्स की बात कही गई है, इसलिए मैं उनसे निवेदन करूंगा कि वे इसको वापस ले लें ।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय मुझे बड़ा आश्चर्य होता है कि श्री याजी आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को तो एक तरफ मानते हैं और दूसरी तरफ श्री भूपेश गुप्ता के विधेयक का खंडन करते हैं । अगर उनमें जरा भी ईमानदारी होती, अगर वे जरा सोचते कि श्री भूपेश गुप्ता और आल इंडिया कांग्रेस कमेटी का जो प्रस्ताव है वह एक ही तरह का है । उन्होंने आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव का तो विरोध नहीं किया, लेकिन यहां पर उसका विरोध करते हैं । आज कांग्रेसवालों में ईमानदारी जैसी कोई चीज ही नहीं रह गई है । वे लोग कुछ शगूफा छोड़ देते हैं, कुछ वादे झूठे करते हैं और इस तरह से अपने वादों को पूरा नहीं करते हैं ।

हम अपने देश में राजा महाराजाओं को करीब 5 करोड़ रुपया प्रिवी पर्स के रूप में दे रहे हैं । इसके अलावा और 5 करोड़ रुपया हम और दूसरे रूप में दे रहे हैं । जैसे हम उनसे बिजली कर नहीं लेते हैं, गाड़ियों पर टैक्स नहीं लगता है मकान पर टैक्स नहीं लगता है । इसी तरह से कई चीजों में उन्हें सरकार की ओर से सहूलियतें दी गई हैं । दुनिया में सब देशों में राजा महाराजा हैं और उनको इस तरह से प्रिवी पर्स नहीं दिया गया है । अगर दिया गया भी है तो 20 साल तक जारी नहीं रखा गया है ।

कांग्रेस वाले अपने को समाजवादी कहते हैं और दिन रात समाजवाद का ढिंढोरा पीटते रहते हैं । हमारा देश सबसे बड़ा निर्धन और दरिद्र मुल्क है । ऐसे मुल्क में लोगों को 10 लाख या 5 लाख सालाना प्रिवी पर्स दिया जाय इस तरह के लोग यहां मौजूद हों यह उसके लिए एक शर्म की बात है । श्री याजी इस प्रस्ताव का खंडन करते हैं ।

**श्री शीलभद्र याजी** : मैंने इस प्रस्ताव की ताइद की है। आप गलत बयानी कर रहे हैं। मैंने शुरू में ही श्री भूपेश गुप्ता को शुक्रिया अदा किया था। आप गलत बयानी कर रहे हैं कि मैंने इस प्रस्ताव का खंडन किया है।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : आप को सब कांग्रेस वालों से कहना चाहिये कि इस प्रस्ताव को पास करो और आप वापस लेने के लिए उनसे क्यों कहते हो।

**श्री शील भद्र याजी** : मैंने इसका विरोध नहीं किया यह गलत बयानी है।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : यह अच्छा काम नहीं है। 20 वर्ष के बाद आपने पहले पहले यह अच्छा काम किया है। अगर आप इसको पास करायेंगे तो अच्छा काम होगा। अगर इसको पास नहीं करायेंगे तो कैसे अच्छा काम होगा।

हमारा देश बहुत निर्धन है और इस संबंध में डा० राममनोहर लोहिया ने कहा था कि देश की दो तिहाई जनता तीन आने रोज पर बसर करती है। जिस देश में जनता की यह हालत है उसमें कुछ लोगों को 10 लाख और 15 लाख रुपया पेंशन दी जाय आजादी के 20 वर्ष के बाद भी दी जाय यह हम सब लोगों के लिए शर्म की बात है। इन लोगों को जिनको पेंशन मिलती है वे सामन्ती लोग कहलाये जाते हैं और समाजवाद और सामन्तवाद में कोई मेल नहीं है। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि सामन्तवादियों को जो विशेषाधिकार और प्रिवी पर्स दिया जा रहा है वह सब खत्म होना चाहिये। हमारा देश निर्धन है और उसमें एक किस्म की नागरिकता होनी चाहिये और राजा महाराजा तथा सामन्तियों की पुरानी पेंशनें सब समाप्त होनी चाहिय।

**श्री अनन्त प्रसाद शर्मा** (बिहार) : 9 महीने के राज्य में जो आपने बिहार में चलाया उसमें तुमने राजाओं को क्यों अपने साथ रखा?

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : राजा रामगढ़ कोई पेंशन पाने वाले राजा नहीं हैं। मैं उनको डिफेन्ड नहीं करता हूं। मैं उनके लिए जिम्मेदार नहीं हूं। उन्होंने सम्पत्ति इकट्ठी कर ली है यह उन्होंने गलत काम किया है।

**श्री शीलभद्र याजी** : आपके यहां भी तो राजा महाराजा हैं।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : आपके यहां तो बहुत से राजा हैं। राजा दिनेश सिंह, राजा भगवान सिंह, राजा भानु प्रताप सिंह।

*(Interruptions)*

**श्री गोडे मुराहरि** : बड़ा बकबक कर रहे हो एक भी राजा बतलाओ जो हमारी पार्टी में हो।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : कांग्रेस ने अब नई नई जागीरें बना दी हैं। पहले तो हमारे देश में राजा महाराजा थे लेकिन गवर्नरों के रूप में राजा महाराजा है। कलकत्ता के गवर्नमेंट हाउस में और दिल्ली के राजभवन में 500 नौकर काम करते हैं और सब जगहों पर बैठे रहते हैं। आज जगह जगह पर राजदूत नियुक्त कर दिये गये हैं, जोकि कुछ भी काम नहीं करते हैं। ये लोग शराब पीते हैं। राजा रामगढ़ मेरे बेटे और पोते नहीं हैं आपके दिनेश सिंह के वे समधी हैं। यह ठीक है कि वे बिहार के हैं। हमारी पार्टी सरकार में नहीं गई है और हमारी पार्टी राजा महाराजाओं का विरोध करती है। वे अब जा रहे हैं भाग रहे हैं।

*(Interruptions)*

**श्री शीलभद्र याजी** : बोलिये।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : आज कांग्रेस हर तरह से जागीरदारी का निर्माण कर रही है। उसने गवर्नर और राजदूतों की जागीरदारी का निर्माण किया है। 70 और 80 वर्ष के लोग भी इन जगहों पर जाते हैं। *(Interruptions)* आप यहां के अध्यक्ष नहीं हैं, आप रोकने वाले कौन होते हैं?

**श्री शीलभद्र याजी** : आप बेलगाम होते जा रहे हैं और इस तरह की बात कह रहे हैं।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : अब बी० आई० सी० कांग्रेस की जागीर होने जा रही है। इस तरह से जगह जगह पर जागीरों का निर्माण हो रहा है। अंग्रेजों के जमाने में तो थोड़ी सी ही रियासतें थीं जिन्हें सरदार पटेल ने समाप्त कर दी थी।

**एक माननीय सदस्य** : क्या सरदार पटेल आपके लीडर नहीं थे ?

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : बाद में हम लोग अलग हो गये थे। आपने बहुत सी नई जागीरें क्रिएट कर दी हैं। इन्द्रप्रस्थ रोड में चिल्ड्रन फिल्म सोसाइटी है, शंकर वीकली है, साहित्य एकाडमी है, ललितकला एकाडमी है, इन्टरनेशनल सेन्टर है, कल्चरल अफियर्स है, फिजिकल लेबोरेटरी है, सी० एस० आई० आर० है, जहां से कोई साइन्स की चीज नहीं निकलती है। इस तरह की और भी इस सरकार ने जागीरें बनाई हुई हैं जिनमें लाखों रुपया खर्चा होता है। इन संस्थाओं को कोई इन्कम टैक्स नहीं दिखलाना पड़ता है और कई लाख रुपया सालाना ग्रान्ट के रूप में मिलता है। इसके द्वारा लोग दो तीन बार साल में विदेशों में जाते रहते हैं। ये जागीरें आप क्रिएट करेंगे तो उनको कैसे अबालिश करेंगे ?

**श्री शीलभद्र याजी** : डा० लोहिया कहां से रुपया ला कर विदेश भ्रमण के लिये गये थे ?

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : डा० लोहिया को आपने नहीं दिया, सरकार ने नहीं दिया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): May I request hon. Members not to indulge in direct talks? Now, continue please.

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : हिन्दुस्तान बड़ा गरीब देश है, लोगों को बड़ी दिक्कतें हैं, बेकारी है, भुखमरी है, कुछ पैदा नहीं होता है, गरीबों के लिये कोई इलाज का प्रबन्ध नहीं है, लेकिन यहां एक एक राजा को हर साल दस दस और पन्द्रह पन्द्रह लाख भत्ता मिलता है। यह बहुत शर्मनाक बात है जो हिन्दुस्तान के जनतंत्र में चल रही है और जो खत्म होनी चाहिये।

अब मैं ज्यादा क्या कहूं, बहुत झगड़े का विवाद हो गया है। कांग्रेसी जागीरदार अपनी मानोपली कर के बैठे हैं। कांग्रेस वालों ने सारे कारखानों को अपनी जागीर बना रखा है। पंजाब में, यू० पी० में जहां कोई गैर-कांग्रेसी सरकार थी वहां कांग्रेस वाले जनतंत्र को नष्ट करने पर तुले हुये हैं और इस प्रयत्न में हैं कि कहीं गरीबों और गरीब पार्टियों का राज न हो। ये सब जगह अपने एकतिदार को कायम रखना चाहते हैं।

आज सब से बड़े राजा कांग्रेसी मंत्री, कांग्रेसी मुख्य मंत्री, कांग्रेस प्रधान मंत्री आदि हैं। ये जिस तरह से जनता के रुपये की बरबादी कर रहे हैं उसके मुकाबिले में राजाओं का पांच करोड़ रुपया कोई चीज नहीं है। आज 3 हजार करोड़ रुपये का इंडिया गवर्नमेंट का बजट है और 4 हजार करोड़ रुपये का प्रांतीय गवर्नमेंटों का बजट है। इनके अतिरिक्त इन्होंने तरह तरह के आटोनामस कारपोरेशंस खड़े कर दिये हैं जिन के बजट का कोई अन्दाजा नहीं है। उनमे कहीं 50 करोड़ का घाटा है, कहीं 20 करोड़ का घाटा है।

**श्री शीलभद्र याजी** : कहीं भी घाटा नहीं है।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : आप को क्यों बुरा लग रहा है ?

**श्री गोडे मुराहरि** : इनको बुरा इसलिये लग रहा है क्योंकि कुछ ट्रेड यूनियनों के नेता भी आजकल राजा हैं खास कर के कांग्रेसी ट्रेड यूनियनों के नेता।

*(Interruptions)*

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : मुझे एक मुसलमान मिला। उसने कहा कि मैंने चार शादियां कर रखी हैं और मेरी चार बांदियां हैं। मैंने उनसे पूछा कि यह कैसे कर रखा है। तो वह बोले कि

[श्री बालकृष्ण गुप्त]

मैं ट्रेड यूनियन नेता हूं। ट्रेड यूनियन का नेता होने में और किसी कम्पनी का डाइरेक्टर होने में आज कोई फर्क नहीं है। जो कांग्रेसी ट्रेड यूनियनों के लीडर हैं वे तो बिल्कुल कम्पनी के डाइरेक्टर की तरह से हैं।

*(Interruptions)*

सात सौ रियासतें अंग्रेजों के जमाने में थी और अब कांग्रेस की सात हजार से ज्यादा रियासतें हैं ...

**श्री सुन्दर मणि पटेल (उड़ीसा)** : आज के कांग्रेस के राजा कांस्टिट्यूशन की हत्या कर रहे हैं और उन राजाओं ने कांस्टिट्यूशन बनाने के लिये अपने राज्य छोड़ दिये थे।

**श्री बालकृष्ण गुप्त** : अब ये नई नई रियासतें रोजाना बना रहे हैं। यह जो इन्द्रप्रस्थ सड़क है उस पर कहीं यह संस्था है, कहीं वह संस्था है, कहीं यह इंस्टिट्यूट है, कहीं वह इंस्टिट्यूट है और उनका कोई हिसाब नहीं है। करोड़ों रुपया अमरीका से, रूस से यहां की सरकार लेती है और उसका कोई आज हिसाब लेने वाला नहीं है। इसी तरह से यह खादी ग्रामोद्योग बोर्ड है। यह भी एक बड़ी भारी जागीर है जिस में सात करोड़ रुपये के वाउचर गायब हैं। ये गांधी जी के नाम पर दुनिया को लूट कर खा रहे हैं। इन्होंने जगह जगह प्रांतीय खादी बोर्ड बना रखे हैं, हैंडलूम बोर्ड बना रखे हैं और उन सब को ये अपनी जागीरें बता रहे हैं। ऐसी ऐसी बहुत सी जागीरदारियां हैं जिन पर ये अपना अधिकार जमाये हुए हैं और इनके मुकाबिले मे वह पुरानी जागीरें खराब नहीं थीं। *(Interruptions)* आज इनको हर जगह अधिकार मिला हुआ हैं, कम्पनियों पर अधिकार मिला हुआ है, हैवी इंजीनियरिंग पर अधिकार मिला हुआ है और फिर किसी को कहीं अधिकार मिलता है और किसी को कहीं अधिकार मिलता है। पुराने राजा एक गांव देते थे या 50 बीघा जमीन देते थे और उसमें पता नहीं उस जमाने में क्या पैदा होता था, क्या नहीं पैदा होता था। आज श्री हिम्मत सिंह को अशोक होटल मिला है, श्री रामेश्वर तांतिया बी० आई० सी० के मैनेजिंग डाइरेक्टर हो रहे हैं। आज हालत यह है कि प्राइवेट अन्डरटेकिंग पर भी हाथ मारो, पब्लिक अंडरटेकिंग पर भी हाथ मारो, इंडस्ट्री पर भी हाथ मारो, इंस्टिट्यूट्स पर भी हाथ मारो, साइंस पर भी हाथ मारो। कोई ऐसी जगह नहीं बची है जहां कांग्रेसियों ने अपना अधिकार न जमा रखा हो। यही वजह है कि हमारा देश आज गिरता जा रहा है और यहां जो 30, 40 करोड़ गरीब आदमी हैं, निर्धन हैं जो तीन चार आने रोज पर अपनी गुजर करने वाले हैं, उनकी दशा और बिगड़ती जा रही है। इसी वजह से सारा देश आज कुम्हला रहा है सारे देश में निराशा है, मायूसी है लेकिन कुछ लोग यहां बैठे इन चीजों को सोचते ही नहीं हैं। मैं क्या कहूं, क्या नहीं कहूं। यही कहूंगा कि कांग्रेसियों ने पता नहीं कितनी जागीरें क्रिएट कर रखी हैं और रोजाना और क्रिएट करते जा रहे हैं। डिफीटेड मिनिस्टर्स हैं, डिफीटेड मेम्बर्स आफ पार्लियामेंट हैं, डिफीटेड विधायक हैं और उन सब को एक न एक जागीर चाहिये। उन्होंने एक नया स्टेंडर्ड आफ लिविंग आप लोगों की कृपा से बना रखा है और अब आप उनका, उनकी बीवियों का, उनकी रखैलियों का स्टेंडर्ड गिरने देना नहीं चाहते हैं, इसलिये आप ये सब चीजें कर रहे हैं।

SHRI BALACHANDRA MENON (Kerala): Sir, in the year 1047, the British Government had a definite plan. They brought about th$_e$ division of India into India and Pakistan. This sub-continent was divided and then declared that th$_e$ paramountcjr would lapse which—in effect would mean that the Princes would have complete freedom. That was the position. At that time, Mr. Vice-Chair-man, the leadership in India come to an agreement with the Princes so that they could b$_e$ brought into the Indian Union. - That waa done out of compulsion. In 1947 the compul-

sion was such that we were forced to adopt that policy, because we were afraid that they might go and become independent States. But now we can definitely say that at least that position does not continue. Things have completely changed. After twenty years of our independence, after we have this Constitution and after the rights that are guaranteed to us by the Constitution have come into vogue, conditions have completely changed. So the sanctity or validity of the agreements of which so many hon. friends have said so much does not exist now because the conditions have so completely changed. When the people in the Indian States knew that the British Government's policy was to bring about or to allow complete freedom to the Rajas and Maharajas and their States, the reaction was immediate. Revolts started everywhere. In Travancore a struggle was started by the people. In Mysore the people came out against the Maharaja. In Kashmir there was a big upsurge and when even Pandit Nehru was not allowed to enter Kashmir, I remember very well, the people all over India demonstrated and asserted their solidarity with the people of Kashmir in their struggle against the Ruler. Everywhere the Rulers were against the people. The people were fighting for freedom and their Rulers never wanted freedom for the country. It is because of the people's struggle that independence was at last obtained. The strength of the Rajas and Maharajas was weakened. In Hyderabad an armed struggle had to take place. Everyone knows all that. Therefore though technically and legally they could become independent they were not able to become independent because of the struggle put up by the people. And then what happened? They had to agree to come into the Indian Union. After we had enacted the Constitution, when we have got certain fundamental rights, the question is whether the privileges of these ex-Rulers can go along with the rights that have been guaranteed to us. I would say that thevei rights and privileges guaranteed to the ex-Rulers in 1947 have little force today. These ex-Rulers have been exempted from certain proceedings under the Criminal Procedure Code. Similarly they are also exempted from proceedings under the Civil Procedure Code also. This is most undemocratic and unconstitutional. Certainly this is unconstitutional and it goes against the rights that ana guaranteed to the people by the Constitution. 5 P.M. This new kind of citizenship which has been created should be ended. We know fully well that the struggle to day which we are waging is against all the old feudal relics Our flight is to see that the feudal stranglehold is completely removed. These five hundred and odd princes continue to receive rent in a diffrent form in that they are being paid by the Government. This rent receiving system will have to go- This is only another form of rent, nothing more and as long as we allow that . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Mr. Balachan-dra Menon, you will continue on some other day.

**RE. 'RESTRAINT ON AND RELEASE OF SHRI NIRANJAN SINGH**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): I have to inform Members that I have received the following communication from the District Superintendent of Police, Kutch, dated the 9th May, 1968: —

> Shri Takur Niranjan Singh, Member of Parliament was restrained at 11.00 Hrs. on 8-5-68 under section 69 B.P. Act for not conforming to the lawful directions of the Police officers near village Dhro-bana six miles north of Khavda iii Kutch District and was later ort removed to Bhuj on same day and allowed to go."